रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर

क्रमांक / परीक्षा / 2022 / 1205   जबलपुर दिनांक 08 / 03 / 2022

संशोधित अधिसूचना

अधिसूचित किया जाता है कि स्वाध्यायी परीक्षार्थियों के स्नातक (बी.ए. / बी.काम.) द्वितीय एवं तृतीय वर्ष तथा (एम.ए. / एम.एस.सी. (गणित) एम.काम.) पूर्वार्द्ध एवं उत्तरार्द्ध मई–जून 2022 की परीक्षाओं हेतु परीक्षा आवेदन पत्र एम.पी. आनलाइन के माध्यम से भराये जाने की तिथियां एवं शुल्क का विवरण निम्नानुसार घोषित किया जाता है। नामांकन कराने के पश्चात ही परीक्षा आवेदन पत्र भरे जा सकेंगें।

टीप – जबलपुर / कटनी / नरसिंहपुर / मंडला / डिण्डौरी जिले के परीक्षार्थी स्नातक द्वितीय एवं तृतीय वर्ष तथा स्नातकोत्तर पूर्वार्द्ध एवं उत्तरार्द्ध के परीक्षार्थी ऑनलाइन परीक्षा आवेदन पत्र भर सकेंगे ।

तिथियां

नामांकन शुल्क	330 / –
ईमीग्रेशन शुल्क (म.प्र. से बाहर के बोर्ड एवं विश्वविद्यालय के परीक्षार्थियों को देय होगा)	330 / –
आनलाइन परीक्षा आवेदन पत्र जमा करने एवं नामांकन करने की तिथि	28.02.2022 से 14.03.2022 तक (बिना विलंब शुल्क के)
विलंब शुल्क 100 / – के साथ	17.03.2022 तक
विलंब शुल्क 750 / – के साथ	24.03.2022 तक

परीक्षा शुल्क का विवरणः–

		भूतपूर्व
बी.ए. / बी.काम. द्वितीय वर्ष	2340 / –	2340 / –
बी.ए. / बी.काम. प्रथम एवं द्वितीय वर्ष (पूरक)	1530 / –	
बी.ए. / बी.काम. तृतीय वर्ष (उपाधि शुल्क के साथ)	2990 / –	2990 / –
एम.ए. पूर्वार्द्ध	2540 / –	2540 / –
एम.ए. उत्तरार्द्ध (उपाधि शुल्क के साथ)	3190 / –	3190 / –
एम.काम. / एम.एस.सी. (गणित) पूर्वार्द्ध	2690 / –	2690 / –
एम.काम. / एम.एस.सी. (गणित) उत्तरार्द्ध (उपाधि शुल्क के साथ)	3340 / –	3340 / –

(एम.ए.हिन्दी / अंग्रेजी / भूगोल / संस्कृत / राजनीतिशास्त्र / इतिहास / दर्शनशास्त्र / अर्थशास्त्र / समाजशास्त्र / मनोविज्ञान)

टिप्पणीः–1. स्नातकोत्र छात्र जो इस विश्वविद्यालय के पूर्व से स्नातक परीक्षा में नामांकित/पंजीकृत है वे भी अपना नामांकन एम.पी. आनलाइन के कियोस्क में जाकर करावें, तत्पश्चात ही वे अपना परीक्षा आवेदन पत्र भर सकेंगे। ऐसे छात्रों को पंजीयन/नामांकन शुल्क देय नहीं होगा, सिर्फ पोर्टल चार्ज 45/– देय होगा।

2. जिन विद्यार्थियों ने हायर सेकण्डरी एवं स्नातक की परीक्षा 2022 में उत्तीर्ण की है। ऐसे परीक्षार्थी परीक्षा आवेदन पत्र न भरें। यदि किसी विद्यार्थी द्वारा परीक्षा आवेदन पत्र भरा जाता है तो उसकी जबाबदारी संबंधित विद्यार्थी की होगी तथा परीक्षा शुल्क वापिस नहीं किया जावेगा।

3. जिन छात्रों ने बी.बी.ए./बी.सी.ए. की परीक्षा उत्तीर्ण की है ऐसे छात्रों का एम.काम. की परीक्षा में पात्रता नहीं है।

4. माध्यमिक शिक्षा मंडल से जो बोर्ड मान्य होंगे उन्हीं छात्रों को स्नातक स्वाध्यायी परीक्षा में बैठने की पात्रता होगी। अन्य बोर्ड से उत्तीर्ण कक्षा 12 वीं की अंकसूची का संबंधित महाविद्यालय भलिभांति परीक्षण कर छात्र को तत्काल पात्र एवं अपात्र की सूचना देवें।

नोटः– विश्वविद्यालय में परीक्षा आवेदन पत्र की हार्ड कापी निर्धारित तिथि के पश्चात् जमा करने पर रूपये 100 / – प्रति छात्र विलंब शुल्क देय होगा ।

(1) इस प्रकिया के अंर्तगत छात्र एम.पी. आनलाइन के पोर्टल पर सर्वप्रथम सेवायें आप्शन पर जाकर फिर प्रायवेट एनरोलमेंट (नामांकन लिंक) पर जाकर एनरोल्ड करेगा, जिससे एप्लीकेशन नंबर जनरेट होगी। छात्र नामांकन फार्म भरते समय पहले जिले, केन्द्र व कोर्स का चयन करेगा। छात्र कोर्स एवं केन्द्र का चयन करते समय सावधानी बरतें।

(2) छात्र एप्लीकेशन नंबर से प्राइवेट एक्जाम लिंक पर जाकर परीक्षा फार्म भरेगा महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित शुल्क जमा करेगा। नामांकन व परीक्षा आवेदन पत्र की हार्ड कापी छात्र द्वारा संबंधित महाविद्यालय पर जमा की जायेगी।

(3) तत्पश्चात महाविद्यालय द्वारा छात्रों के पंजीयन आवेदन पत्र का परीक्षण करेगा एवं एप्रूवल **Approvel** करेगा जिसके पश्चात् **Admit card** एवं **Second Signature Sheet** जनरेट होगी। **Online** आवेदन की हार्डकापी अंकसूची के साथ विश्वविद्यालय में दिनांक **28/03/ 2022** तक विश्वविद्यालय में जमा करें। परीक्षा आवेदन की हार्ड कापी के साथ निम्नलिखित दस्तावेज संलग्न करना अनिवार्य हैः–

1. जन्मतिथि प्रमाणपत्र 2. अंकसूची 3. माइग्रेशन/टी.सी. सर्टिफिकेट 4 गैप सर्टिफिकेट

(4) महाविद्यालय स्वाध्यायी छात्र/छात्राओं से नामांकन एवं परीक्षा आवेदन पत्र की हार्ड कापी प्राप्त करते समय छात्र/छात्राओं से परीक्षा संचालन शुल्क 200/–रूपये एवं अग्रेषण शुल्क 50/– रूपये कुल 250/– रूपये महाविद्यालय स्तर पर दिनांक 25 मार्च, 2022 तक जमा करवायेगा। तथा परीक्षा संचालन शुल्क 200/–रू. विश्वविद्यालय में जमा करायेंगे ।

कुलपति जी के आदेशानुसार

परीक्षा नियंत्रक
रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर

पृ.क./परीक्षा/2022/1205 "अ" जबलपुर, दिनांक 08/03/2022

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रस्तुतः–

01. प्राचार्य समस्त संबंद्ध स्वाध्यायी परीक्षा संचालन हेतु अधिकृत महाविद्यालय की ओर भेजकर निवेदन है कि विश्वविद्यालय द्वारा प्रदाय समस्त सूचनाएं छात्रों के सूचनार्थ महाविद्यालय के सूचना पटल पर आवश्यक रूप से चस्पा करें।
02. नोडल अधिकारी एम.पी.आनलाइन रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय की ओर भेजकर निवेदन है कि उक्त अधिसूचना की एम.पी. आनलाईन को अग्रेषित करे एवं परीक्षा फार्म भरवाने की तैयारी करें।
03. माननीय कुलपतिजी/कुलसचिवजी के निजी सहायक रा.दु.वि.वि. जबलपुर।
04. विश्वविद्यालय बेबवाइड ।
05. नगर के समस्त समाचार पत्रों के सम्मानीय संपादकों एवं केबिल नेटवर्क के प्रबंधकों को इस अनुरोध के साथ कि कृपया छात्र हित में इस अधिसूचना को अपने लोकप्रिय समाचार पत्र/प्रसार माध्यम के आगामी अंक में समाचार के रूप में प्रकाशित करने की कृपा करें।

सहायक कुलसचिव (परीक्षा)
रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर